दैनिक जागरण 26/01/2025

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के प्रति किया जागरूक

जीएमएन कालेज में कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थी, स्टाफ व अन्य। ● सौजन्य विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता ● **अंबाला** : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में फैकल्टी डेवलेपमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्राचार्य डा. रोहित दत्त की देखरेख में हुआ। इस दौरान बौद्धिक संपदा अधिकार (आइपीआर) के तहत वक्ताओं ने विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों पर जागरूक किया। इस दौरान कंसलटेंसी सर्विस के निदेशक डा. गौरव कुमार ने ट्रेडमार्क, उसके उद्देश्य एवं कार्यप्रणाली के बारे में समझाया और साथ ही कापीराइट एवं आइपीआर में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के प्रयोग के बारे में भी बताया। डा. रोहित दत्त ने सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को इस प्रकार के कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

डा. रोहित दत्त

कार्यक्रम के समापन पर डा. प्रबलीन कौर एवं डा. भारती सुजान ने मुख्य वक्ता को स्मृति चिह्न देकर आभार व्यक्त किया। उधर, कालेज में एनसीसी, एनएसएस और खेल विभाग के संयुक्त तत्वाधान में हरियाणा योग आयोग द्वारा संचालित हर घर परिवार - सूर्य नमस्कार अभियान के तहत पांचवे दिन की सूर्य नमस्कार गतिविधि का आयोजन किया। चुनावी साक्षरता प्रकोष्ठ, एनएसएस, वाईआरसी और राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन विभाग द्वारा शपथ ग्रहण समारोह के साथ मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।